11. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

बहुत सारे शब्दों की जगह एक शब्द का प्रयोग करना भाषा को सरल और सुंदर बनाता है।

- ❖ समझाएँ, जो खेती करता है उसे किसान कहते हैं। जो कपड़े सिलता है उसे दरज़ी कहते हैं। किसान और दरज़ी एक शब्द द्वारा ही इनके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त हो जाती है। इसके लिए अनेक शब्दों को बोलने की आवश्यकता नहीं है।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर आए चित्रों को दिखाकर बच्चों से पहले अनेक शब्द फिर उनका एक शब्द बुलवाएँ
- ❖ बीच-बीच में बच्चों से पूछें, जहाँ पढ़ाई करते हैं उसके लिए एक शब्द क्या होगा? जहाँ इलाज करवाया जाता है इन अनेक शब्दों का एक शब्द क्या है? आदि प्रश्नों द्वारा बच्चों को इस विषय के बारे में समझाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिए अन्य शब्दों को पढ़वाएँ।
- ❖ प्रत्येक बच्चे को पढ़ने का अवसर दें।
- ❖ सुनिश्चित करें, बच्चे पाठ को भली-भाँति समझ रहे हैं।
- ❖ अभ्यास करवाएँ, सहायता भी करें।